**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गौतमबुद्धनगर" की दिनांक 16.01.2026 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः—**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभिंयता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा—निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38—5—2010—20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोंधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था।

जनपद गौतमबुद्धनगर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन कुल 85 नग पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की प्रगति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदया की अध्यक्षता में **"जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन"** गौतमबुद्धनगर की बैठक दिनांक 16.01.2026 को आयोजित की गयी। बैठक में मिशन के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभिंयता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में कुल 85 नग योजनाऐं (91 नग ग्राम) स्वीकृत है। उक्त स्वीकृत 85 नग योजनाओं के सापेक्ष 83 नग योजना के कार्य प्रगति पर है। एक नग योजना जेवर खादर मे भूमि नही उपलब्ध नही होने तथा दूसरी योजना अलियाबाद मेंहदीपुर में खारा पानी पाये जाने के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो सका। जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदया द्वारा निर्देश दिये गये कि तत्काल सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों से सम्पर्क कर भूमि प्राप्त कर योजनाओं के का कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करे।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभिंयता द्वारा अवगत कराया गया है कि 83 नग निर्माणाधीन योजनाओं में से 37 नग योजनाऐं (38 ग्राम) पूर्ण हो चुकी है तथा उक्त योजनाओं से ग्रामो में जलापूर्ति की जा रही है। अवशेष 46 नग योजनाओं में से 03 नग योजनाओं 1. झुप्पा छांतगा खुर्द पेयजल योजना 2. मकनपुर खादर पेयजल योजना तथा 3 शमशम नगर पेयजल योजना पर विभिन्न योजनाओं के संबध में विभिन्न मा0 न्यायालयों में वाद विचाराधीन है तथा 43 नग योजनाओं के कार्य प्रगति पर है परन्तु धनराशि के अभाव में योजनाओं के कार्यो की प्रगति धीमी है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदया द्वारा निर्देश दिये गये कि पूर्ण की गई योजनाओं से नियमित रूप से जलापूर्ति की जाये तथा अवशेष योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण करने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करे। मा0 न्यायालयों में विचाराधीन 03 योजनाओं में यदि यथास्थिति के आदेश पारित नही है तो उक्त योजनाओं के कार्य भी प्रारम्भ कराये जाये।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभिंयता द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के ejalshakti Portal के JJM-IMIS में जनपद गौतमबुद्धनगर की निर्माणाधीन 85 नग योजनाओं (सूची संलग्न) में से 70 नग योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) समाप्त हो चुकी है। तथा 03 नग योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि माह 03/2026 एवं 01 योजना की अनुमानित पूर्णता तिथि माह 07/2026 को समाप्त हो रही है परन्तु उक्त 04 योजनाऐं भी अनुमानित पूर्णता तिथि के अन्तर्गत पूर्ण किया जाना सम्भव नही है। इस प्रकार कुल 74 नग योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि समाप्त हो रही है। सदस्य सचिव/अधिशासी अभिंयता द्वारा बताया गया है कि माह सितम्बर 2024 के पश्चात योजनाओं पर केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त नही हुई है जिस कारण से योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना सम्भव नही हो सका है। भारत सरकार द्वारा भी वर्तमान में जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है। वर्तमान में भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी 37 नग योजनाओं को वित्तीय रूप से पूर्ण करने हेतु तथा 37 अवशेष नग योजनाओं को भौतिक एवं वित्तीय रूप से पूर्ण करने हेतु तथा उसकी प्रविष्टियां JJM-IMIS Portal पर करने हेतु उक्त 74 नग योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) विस्तारित करने की आवश्यकता हैं। जिन योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि समाप्त हो गई है। (Estimated Date of Completion) समाप्त हो गई है उनका भुगतान रोकने के निर्देश भी प्राप्त हुए है। अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वछता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के जिलाधिकारियों को सम्बोधित पत्रांक—3165/JJM Letter/2025-26/Tech-20 दिनांक 30-12-2025 द्वारा अनुमानित पूर्णता तिथि विस्तारित करने हेतु सम्बन्धित योजनाओं की सूचना जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

जनपद गौतमबुद्धनगर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 85 नग योजनाओ में से अनुमानित पूर्णता तिथि समाप्त हो चुकी 70 नग पेयजल योजनाओं तथा माह माह 07/2026 तक अनुमानित पूर्णता तिथि समाप्त हो रही 04 नग योजनाओं कुल 74 नग पाइप पेयजल योजनाओं (सूची संलग्न) की अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) विस्तारित करने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, गौतमबुद्धनगर के उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

17/01/2026

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गौतमबुद्धनगर (सदस्य सचिव)।

जिला सूचना एंव
जन सम्पर्क अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

जिला कृषि अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

जिला कृषि अधिकारी
गौतमबुद्धनगर

for अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

प्रभागीय वनाधिकारी
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

जिला विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर (सदस्य)।

जिला विकास अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

मुख्य विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर, (उपाध्यक्ष)।

मुख्य विकास अधिकारी
गौतम बुद्ध नगर